**S-635** Roll No. …………………..

# BAHL–301

## हिन्दी साहित्य का इतिहास एवं काव्यशास्त्र

Bachelor of Arts (B. A.-12/16/17)

Third Year, Examination, 2018

**Time : Three Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. आदिकालीन साहित्य की विभिन्न धाराओं एवं प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।
2. रीतिमुक्त काव्यधारा के प्रमुख कवियों का परिचय देते हुए रीतिमुक्त काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
3. हिन्दी कहानी के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

4. मध्यकालीन चेतना एवं आधुनिक चेतना में अन्तर स्पष्ट करते हुए भारतेन्दु युगीन साहित्य का विश्लेषण कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. नाथ साहित्य का परिचय दीजिए।
2. संत साहित्य की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं ?
3. रीतिबद्ध एवं रीतिसिद्ध काव्य से आप क्या समझते हैं ?
4. द्विवेदी युगीन काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।
5. मुक्त छन्द का क्या आशय है ?
6. छायावाद में निहित राष्ट्रीय चेतना का उद्घाटन कीजिए।
7. प्रगतिवाद की प्रमुख विशेषताएँ बताइये।
8. प्रेमचन्द पूर्व हिन्दी उपन्यासों का परिचय दीजिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. आदिकाल को 'बीज वपन काल' किसने कहा है ?

   (अ) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ब) रामचन्द्र शुक्ल

(स) रामकुमार वर्मा

(द) डॉ. नगेन्द्र

2. 'बीजक' किस संत की वाणियों का संग्रह है ?

(अ) नानक

(ब) कबीर

(स) रैदास

(द) दादू

3. 'दोहावली' किसकी कृति है ?

(अ) कबीर

(ब) रहीम

(स) तुलसीदास

(द) रसखान

4. प्रसिद्ध भजन 'प्रभुजी तुम चन्दन हम पानी' के रचनाकार कौन हैं ?

(अ) रैदास

(ब) मीरा

(स) सूरदास

(द) नन्ददास

5. 'लहरतारा' (वाराणसी) किस संत का जन्मस्थान माना जाता है ?

(अ) नानक

(ब) सुन्दरदास

(स) मलूकदास

(द) कबीर

6. 'अंधेर नगरी' के रचनाकार कौन हैं ?

(अ) प्रतापनारायण मिश्र

(ब) जयशंकर प्रसाद

(स) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(द) निराला

7. निम्नलिखित में से कौन-सी काव्यकृति मैथिलीशरण गुप्त की नहीं है ?

(अ) भारत भारती

(ब) साकेत

(स) उर्वशी

(द) यशोधरा

8. निम्नलिखित में से कौन-सा कवि प्रगतिवाद से सम्बन्धित नहीं है ?

(अ) अज्ञेय

(ब) नागार्जुन

(स) त्रिलोचन

(द) केदारनाथ अग्रवाल

9. ‘उसने कहा था’ किसकी कहानी है ?

(अ) जयशंकर प्रसाद

(ब) चन्द्रधर शर्मा ‘गुलेरी’

(स) प्रेमचन्द

(द) यशपाल

10. ‘नाट्यशास्त्र’ किसकी रचना है ?

(अ) भरतमुनि

(ब) कुंतक

(स) वामन

(द) क्षेमेन्द्र